# <u>प्रेस नोट दिनाँक 21.04.2021</u>

**(1).** दिनाँक 20.04.2021 की रात्रि में पुलिस अधीक्षत चित्रकूट श्री अंकित मित्तल द्वारा रात्रि कर्फ्यू के दृष्टिगत कस्बा भरतकूप में आकस्मिक चैकिंग की गयी जिसमें बिना मास्क चलाने वाले लोगों को चालान किये गये तथा इस दौरान वाहन चैकिंग कर बिना हेलमेट वालों के चालान किये गये तथा सभी से अपील की गयी कि शासन द्वारा निर्धारित किये गये रात्रि कर्फ्यू का पालन करें अनावश्यक घरों से न निकलें। सभी लोग सुरक्षित रहें। आकस्मिक चैकिंग के दौरान प्रभारी निरीक्षक भरतकूप श्री संजय उपाध्याय को रात्रि कर्फ्यू का पूर्णतः पालन करवाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये तथा यह भी निर्देश दिये गये कि कोई भी पुलिस कर्मी बिना मास्क के ड्यूटी न करें, सभी मास्क अवश्य लगायें एवं लोगों से 02 गज दूरी बनाकर रखें।इस दौरान कस्बा भरतकूप में मास्क न लगाने एवं कोविड नियमों का पालन न करनें वाले 15 व्यक्तियों से 11500/- समन शुक्ल किया गया, 6 वाहनों से 36000/- ई-चालान किया गया, बिना कागजात के 02 वाहनों को सीज किया गया तथा 002 वाहनों का कागजों में चालान किया गया।

**(2).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अंकित मित्तल के निर्देशन में <u>कोविड-19</u> से बचाव हेतु चलाये जा रहे जागरुकता एवं चैकिंग अभियान में दिनाँक 20.04.2021 को जनपद चित्रकूट के समस्त थाना क्षेत्रों में कोरोना वायरस के सम्बन्ध में शासन द्वारा जारी गाइडलाइन एवं आदेश-निर्देशों के उल्लंघन एवं मास्क न लगाने पर थाना राजापुर में 20 व्यक्ति नामजद एवं 45 व्यक्तियों अज्ञात के विरुद्ध तथा थाना कोतवाली कर्वी में 10 नामजद एवं 100 अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध कुल 175 व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 188/269 भादवि0 के तहत अभियोग पंजीकृत कर किये गये। जनपदवासियों से अपील की जाती है कि कोरोना वायरस के सम्बन्ध में शासन द्वारा जारी गाइडलाइन एवं आदेश-निर्देशों का पालन करें।

**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्री जयशंकर सिंह प्रभारी निरीक्षक राजापुर के मार्गदर्शन में उ0नि0 उ0नि0 श्री राजेश चौरसिया तथा उनके हमराही द्वारा मु0अ0सं0 98/19 धारा 323/427 भादवि0 व 3(1)द,ध एससी/एसटी एक्ट के वारण्टी अभियुक्त शैलेन्द्र सिंह पुत्र वीरेन्द्र निवासी भदेदू थाना राजापुर चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

**<u>गिरफ्तारी करने वाली टीमः-</u>**

1. उ0नि0 श्री राजेश चौरसिया थाना राजापुर
2. आरक्षी अजीत कुमार

**(4.).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक राजापुर श्री जयशंकर सिंह एवं उनकी टीम द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव-2021 के द्वितीय चरण के मतदान के दौरान दिनाँक-19.04.2021 को थाना राजापुर अन्तर्गत ग्राम कनकोटा में पोलिंग बूथ पर उपद्रव मचाकर मारपीट करने वाले तथा मत पेटिका में पानी फेंकने वाले 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 19.04.2021 को ग्राम कनकोटा में पोलिंग बूथ में मतदान समाप्ति के बाद पेटियां सील की जा रही थी तभी प्रधान प्रत्याशी जगदीश शुक्ला एवं द्वितीय पक्ष के प्रधान प्रत्याशी अजय पांडे एवं उनके सहयोगियों के साथ विवाद हुआ है जिसमें दोनों पक्षों से एक एक व्यक्ति को चोटें आई हैं। इस विवाद में मत पेटिका को भी नाले में फेंक दिया गया था । उक्त घटना के सम्बन्ध में थाना राजापुर में मु0अ0सं0 89/21 धारा 395/332/353/188/269/504/506/427/120B ipc व 7 क्रि0ला0अ0 एक्ट व 136(2) लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम पंजीकृत किया गया। दिनाँक-20.04.2021 को प्रभारी निरीक्षक थाना राजापुर द्वारा अपनी टीम के साथ 11 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया था । शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमें लगातार प्रयासरत थे कि आज दिनाँक-21.04.2021 को अभियुक्त 1. खेतिया पुत्र दत्ता उर्फ गयाप्रसाद को 12 अदद सही व जीर्ण-सीर्ण वैलट पेपर (2) गुड्डू उर्फ

चन्द्रकिशोर पुत्र खेतिया निषाद को 21 अदद अधफटे वैलट पेपर (3) शिवमिलन पुत्र छोटेलाल साहू को 20 अदद अध फटे वैलट पेपर (4) सोनू पुत्र खेतिया निषाद को 16 अदद अध फटे वैलट पेपर निवासीगण कनकोटा थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

**बरामदगीः-**

1. अभियुक्त खेतिया के कब्जे से 12 अदद सही व जीर्ण-सीर्ण वैलट पेपर
2. अभियुक्त गुड्डू उर्फ चन्द्रकिशोर के कब्जे से 21 अदद अधफटे वैलट पेपर
3. अभियुक्त शिवमिलन के कब्जे से 20 अदद अध फटे वैलट पेपर
4. अभियुक्त सोनू के कब्जे से 16 अदद अध फटे वैलट पेपर

**गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली टीमः-**

1.प्रभारी निरीक्षक राजापुर श्री जयशंकर सिंह
2. वरि0उ0नि0 श्री कम्बोद सिंह
3. उ0नि0 श्री अर्पित पाण्डेय
4. उ0नि0 श्री राजकपूर यादव
5. उ0नि0 श्री सुरेन्द्रनाथ राम
6. आरक्षी वेद प्रकाश
7. आरक्षी लालू
8. आरक्षी अशोक बाबू
9. आरक्षी विजय पटेल
10. आरक्षी राहुल पाण्डेय
11. आरक्षी मनीष यादव
12. आरक्षी जीतेन्द्र मौर्या
13. आरक्षी बृजभान
14. आरक्षी अखिलेश कुमार

**(5).** उ0प्र0 शासन द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला कल्याण एवं बाल विकास के लिए चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के निर्देशन में दिनांक 21.04.2021 को एण्टी रोमियो टीम थाना रैपुरा द्वारा ग्राम रामनगर, देउंधा में, एण्टी रोमियो टीम थाना राजापुर द्वारा कस्बा राजापुर में बस स्टैण्ड, बाजार, एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों में, एंटी रोमियो टीम थाना पहाड़ी द्वारा बस स्टैंड , बिसंडा तिराहा ,ओबरी रोड में, एंटी रोमियो टीम थाना भरतकूप द्वारा क़स्बा भरतकूप, रेलवे स्टेशन रोड, भरतकूप मंदिर रोड, में, एंटी रोमियो टीम थाना बरगढ़ जनपद चित्रकूट द्वारा परानू बाबा मन्दिर, बरगढ़ मोड़ व कस्बा बरगढ़ में, एंटी रोमियो टीम थाना मारकुंडी जनपद चित्रकूट द्वारा कस्बा मारकुंडी व ग्राम दीपू कोलान में, महिला थाना एंटी रोमियों टीम द्वारा रामनवमी के मौके पर कर्वी क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों काली माता मंदिर, दुर्गा माता मंदिर, संतोषी माता मंदिर में भ्रमण कर महिलाओं/ बालिकाओं को वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने-अपने थाना के सीयूजी नम्बर के बारें में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया साथ ही मास्क लगाने एवं कोविड-19 के नियमों का पालन करने हेतु बताते हुये कोरोना वैक्सीन के प्रति जागरुक किया गया। एण्टी रोमियों टीम की महिला आरक्षियों द्वारा बालिकाओं को स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी दी गयी। एण्टी रोमियो टीम के सदस्यों द्वारा छात्राओं/बालिकाओं से उनके साथ घटित किसी भी प्रकार की समस्याओं के बारें में पूछा गया एवं आवश्यकता पड़ने पर सम्बन्धित थाना प्रभारी/एण्टी रोमियों टीम प्रभारी व उ0प्र0 पुलिस द्वारा संचालित महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं हेतु चलाये जा रहे नम्बरों पर काल करने हेतु कहा गया।

**(6).** पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद चित्रकूट के निर्देशन में कोरोना महामारी के बढ़ते संक्रमण के दृष्टिगत रखते हुये सीएफओ श्री यतीन्द्रनाथ उमराव के मार्गदर्शन में दिनाँक-21.04.2021 को अग्निशमन की

टीमों द्वारा फायर बिग्रेड के माध्यम से आवास एवं कार्यालय पुलिस अधीक्षक महोदय, थाना मऊ परिसर, क्षेत्राधिकारी मऊ कार्यालय एवं बस स्टैँण्ड कर्वी के आसपास स्थानों को सेनेटाइज किया गया।